# संदर्भ
# हिंदी व्याकरण

## उत्तर पुस्तिका

भाग – 6 से 8




Smart Learning Solutions
(Educational Publishers)

# व्याकरण भाग–6

## पाठ–1. भाषा, बोली, लिपि और व्याकरण

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

   (क) भाषा, (ख) हिंदी, (ग) व्याकरण द्वारा, (घ) साहित्य

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

   (क) मन के भावों या विचारों को प्रकट करना और दूसरों के विचारों को सुनकर समझना ही भाषा कहलाती है।

   (ख) भाषा के दो रूप होते हैं– मौखिक और लिखित भाषा।

   (ग) भाषा किसी देश या प्रदेश में बोली, लिखी और समझी जाती है। बोली भाषा का स्थानीय रूप होती है। बोली किसी विशेष क्षेत्र या स्थान में बोली जाती है और उस स्थान के नाम के आधार पर ही उसका नाम रखा जाता है।

   (घ) व्याकरण द्वारा हम भाषा को शुद्ध रूप में लिखना, पढ़ना और बोलना सीखते हैं।

3. **रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

   (क) बोली, (ख) बाईस, (ग) लिखित, (घ) सीखते

4. **सही कथन के आगे सत्य और गलत के आगे असत्य लिखिए–**

   (क) सत्य, (ख) असत्य, (ग) सत्य, (घ) सत्य, (ङ) असत्य

5. **निम्नलिखित वाक्यों को व्याकरण के नियमों द्वारा सही करके लिखिए–**

   (क) गंगा पवित्र नदी है।

   (ख) सेब काटकर बच्चे को खिलाओ।

   (ग) दादा जी नहा रहे हैं।

   (घ) हमें तुम्हें पूछने की जरूरत नहीं है।

   (ङ) बच्चे को अंदर बुलाइए।

## पाठ–2. वर्ण–विचार

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

   (क) अं और अः, (ख) वर्णों के, (ग) द्वित्व व्यंजन, (घ) 52, (ङ) विसर्ग, (च) ऋ

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

   (क) वे वर्ण जो बिना दूसरे वर्णों की सहायता से बोले जाते हैं, उन्हें **स्वर** कहा जाता है। ह्रस्व स्वर, दीर्घ स्वर, प्लुत स्वर।

(ख) 'क' से लेकर 'ज्ञ' तक के वर्णों को व्यंजन कहते हैं। स्पर्श व्यंजन, अंत:स्थ व्यंजन, ऊष्म व्यंजन।

(ग) ऐसे व्यंजन जिनका उच्चारण करते समय वायु कंठ, तालु, मूर्धा, दाँत अथवा ओठों का स्पर्श करके मुख से बाहर आती है, उन व्यंजनों को 'स्पर्श व्यंजन' कहते हैं।

(घ) ऐसे व्यंजन जिनका उच्चारण स्वर और व्यंजनों के मध्य होता है, उन्हें अंत:स्थ व्यंजन कहा जाता है।

**3. रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) वर्ण, (ख) स्वर, (ग) संयुक्त, (घ) विसर्ग, (ङ) वर्ण-विच्छेद

**4. निम्न शब्दों के उचित वर्ण-विच्छेद पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

(क) त् + र् + इ + द् + ए + व् + अ

(ख) स् + अ + फ् + अ + ल् + अ

(ग) क् + ऋ + प् + आ

(घ) क् + आ + ग् + अ + ज् + अ

(ङ) स् + अ + म् + आ + न् + अ

(च) म् + अ + ह् + इ + ल् + आ

**5. निम्न शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए–**

(क) द् + अ + व् + आ + इ + य् + आ + अँ

(ख) औ + ष् + अ + ध् + इ

(ग) आ + श् + ई + र् + व् + आ + द् + अ

(घ) क् + अ + व् + य् + इ + त् + र् + ई

## पाठ-3. शब्द-विचार

**1. सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

(क) शब्द, ख) निरर्थक, (ग) विकारी, (घ) विदेशज

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) शब्दों का वर्गीकरण चार प्रकार से किया जा सकता है–

1. उत्पत्ति के आधार पर
2. अर्थ के आधार पर
3. प्रयोग के आधार पर
4. बनावट के आधार पर

(ख) संस्कृत के वे शब्द जो हिंदी में अपने मूल रूप में ही प्रयोग किए जाते हैं, तत्सम शब्द कहलाते हैं। जैसे– कर्ण, मुख, पद, सूर्य आदि।

(ग) बनावट के आधार पर शब्द तीन प्रकार के होते हैं– (क) मूल या रूढ़ शब्द, (ख) यौगिक, (ग) योगरूढ़

(घ) वाक्य में प्रयोग के आधार पर शब्द दो प्रकार के होते हैं– विकारी और अविकारी।

3. **रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) विदेशज, (ख) दो, (ग) तद्भव, (घ) अविकारी, (ङ) यौगिक

4. **निम्नलिखित तत्सम शब्दों के तद्भव रूप पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

अग्नि – आग, घृत – घी, रात्रि – रात, कर्म – काम, आम्र – आम

5. **निम्नलिखित शब्दों के सार्थक शब्द बनाकर लिखिए–**

(क) विषैला, (ख) मेहमान, (ग) तैराक (घ) बचपन, (ङ)मैदान, (च)पहाड़, (छ) गजानन, (ज)नीलकंठ

## पाठ–4 शब्द-निर्माण संधि

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

(क) संधि, (ख) स्वर संधि, (ग) विसर्ग संधि

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) संधि का सामान्य अर्थ है–मेल या जोड़ना। जब दो वर्ण या अक्षर आपस में मिलते हैं, तो इस प्रक्रिया को संधि कहते हैं।

(ख) दो स्वरों के मेल से होने वाले विकार या परिवर्तन को 'स्वर संधि' कहते हैं।

(ग) किसी व्यंजन का स्वर या व्यंजन से मेल होने पर जो विकार या परिवर्तन होता है, उसे 'व्यंजन संधि' कहते हैं।

3. **सही कथन के आगे सत्य और गलत के आगे असत्य लिखिए–**

(क) सत्य, (ख) असत्य, (ग) सत्य, (घ) सत्य, (ङ) असत्य

4. **संधि-विच्छेद कीजिए–**

भावार्थ – भाव + अर्थ, सूर्योदय – सूर्य + उदय, नरेश – नर + ईश, विद्यालय – विद्या + आलय, नायक – नौ + अक, धर्मार्थ – धर्म + अर्थ, भानूदय – भानु + उदय, इत्यादि – इति + आदि

5. **निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए–**

धर्मार्थ, भोजनालय, सुरेंद्र, निश्चय, परोपकार, सज्जन, अहंकार, सरोज

## पाठ–5. समास

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

(क) द्विगु समास, (ख) द्वंद्व समास, (ग) देश के लिए भक्ति,
(घ) रसोई के लिए घर

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) दो या दो से अधिक शब्दों को मिलाकर संक्षिप्त करने की प्रक्रिया को समास कहा जाता है। समास के छह भेद होते हैं।

(ख) समस्त पद को अलग-अलग करके लिखने को समास-विग्रह कहते हैं।

(ग) जिस समास में उत्तरपद प्रधान होता है और समस्त पद बनाते समय कारक चिह्न/परसर्गों का लोप हो जाता है, उसे तत्पुरुष समास कहते हैं। जैसे–
वनगमन – वन को गमन; यशप्राप्त – यश की प्राप्ति

3. **निम्नलिखित विग्रहों के समस्तपद लिखिए–**

(क) स्वर्गप्राप्त, (ख) भयभीत, (ग) घुड़सवार, (घ) राजा-प्रजा, (ङ) चतुर्मुख, (च) घनश्याम

4. **सही समास के भेद पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

(क) बहुव्रीहि समास, (ख) द्वंद्व समास, (ग) तत्पुरुष समास, (घ) द्विगु समास, (ङ) तत्पुरुष समास

5. **सामासिक पद और समास-विग्रह का रेखा खींचकर सही मिलान कीजिए–**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | प्रतिदिन | प्रत्येक दिन |
| (ख) | माखनचोर | माखन चुराने वाला |
| (ग) | गंगाजल | गंगा का जल |
| (घ) | त्रिदेव | तीन देवों का समूह |
| (ङ) | गुणयुक्त | गुणों से युक्त |
| (च) | राजमहल | राजा का महल |

6. **निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों को समस्त पद में परिवर्तित करके वाक्य पुनः लिखिए–**

(क) व्यापार में उतार-चढ़ाव आते ही रहते हैं।
(ख) चौराहे पर लालबत्ती लगी थी।
(ग) अपने माता-पिता का हमेशा आदर करो।
(घ) आज नीलगगन साफ दिखाई दे रहा है।

## पाठ-6. उपसर्ग एवं प्रत्यय

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

(क) उपसर्ग, (ख) प्रत्यय, (ग) कृत प्रत्यय, (घ) कार, (ङ) परि

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) मूल शब्द से पहले जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन लाने वाले शब्दांश उपसर्ग कहलाते हैं।
(ख) मूल शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन लाने वाले शब्दांश प्रत्यय कहलाते हैं।
(ग) क्रिया के अंत में लगकर उसे संज्ञा या सर्वनाम का रूप देने वाले प्रत्यय कृत प्रत्यय कहलाते हैं।

(घ) वे प्रत्यय जो संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण अथवा अव्यय के अंत में लगाए जाते हैं, तद्धित प्रत्यय कहलाते हैं।

(ङ) उपसर्ग और प्रत्यय दोनों ही शब्दांश हैं। दोनों का स्वतंत्र रूप में न तो कोई अस्तित्व है और न ही उनका कोई अर्थ, परंतु फिर भी दोनों में अंतर है। उपसर्ग शब्द से पूर्व लगकर उसके अर्थ में परिवर्तन लाते हैं, जबकि प्रत्यय शब्द के अंत में जुड़ते हैं और नए शब्द का निर्माण करते हैं। जैसे–

| | |
|---|---|
| ना + लायक – नालायक | जमीन + दार – जमींदार |
| (उपसर्ग + शब्द) नया शब्द | (शब्द + प्रत्यय) नया शब्द |

**3. दिए गए शब्दों से मूल शब्द और उपसर्ग अलग-अलग कीजिए–**

| | **शब्द** | **उपसर्ग** | **मूल शब्द** |
|---|---|---|---|
| (क) | नापसंद | ना | पसंद |
| (ख) | लावारिस | ला | वारिश |
| (ग) | अछूत | अ | छूत |
| (घ) | अनपढ़ | अन | पढ़ |
| (ङ) | उनतीस | उन | तीस |
| (च) | भरपूर | भर | पूर |

**4. दिए गए शब्दों से मूल शब्द और प्रत्यय अलग-अलग कीजिए–**

| | **शब्द** | **मूल शब्द** | **प्रत्यय** |
|---|---|---|---|
| (क) | दुकानदार | दुकान | दार |
| (ख) | खेती | खेत | ई |
| (ग) | पंडिताइन | पंडित | आइन |
| (घ) | लिखावट | लिख | आवट |
| (ङ) | लिपिक | लिपि | इक |
| (च) | घबराहट | घबरा | आहट |

**5. दिए गए उपसर्गों से नए शब्द बनाइए–**

(क) अधर्म, (ख) सफल, (ग) अभिमान, (घ) परिवार, (ङ) विज्ञान, (च) अतिरिक्त, (छ) दुबला, (ज) बदनाम

**6. दिए गए प्रत्ययों से नए शब्द बनाइए–**

(क) चचेरा, (ख) पत्रकार, (ग) दूधवाला, (घ) समानता, (ङ) रंगीन, (च) जादूगर, (छ) खिलौना, (ज)मिठास

## पाठ-7. वाक्य

**1. सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

(क) वाक्य, (ख) उद्देश्य, (ग) विधेय, (घ) इच्छावाचक

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) शब्दों के सार्थक समूह को वाक्य कहा जाता है।

(ख) वाक्य में जिसके विषय में कुछ कहा जाए, उसे उद्देश्य कहा जाता है। वाक्य में उद्देश्य के विषय में जो कुछ कहा जाता है, उसे विधेय कहते हैं।

(ग) रचना के आधार पर वाक्य तीन प्रकार होते हैं– सरल वाक्य, संयुक्त वाक्य और मिश्रित वाक्य।

(घ) अर्थ के आधार पर वाक्य आठ प्रकार के होते हैं– 1. विधानवाचक वाक्य, 2. प्रश्नवाचक वाक्य, 3. निषेधवाचक वाक्य, 4. संकेतवाचक वाक्य, 5. आज्ञावाचक वाक्य, 6. संदेहवाचक वाक्य, 7. इच्छावाचक वाक्य, 8. विस्मयादिवाचक वाक्य

3. **रचना के आधार पर निम्न वाक्यों के भेद लिखिए–**

(क) मिश्रित वाक्य, (ख) सरल वाक्य, (ग) संयुक्त वाक्य, (घ) संयुक्त वाक्य, (ङ) मिश्रित वाक्य

4. **निम्नलिखित वाक्यों में उद्देश्य और विधेय अलग-अलग करके लिखिए–**

| | **उद्देश्य** | **विधेय** |
|---|---|---|
| (क) | अनीता | खाना बना रही है। |
| (ख) | बच्चे | शोर मचा रहे हैं। |
| (ग) | बंदर | केला खाता है। |
| (घ) | पक्षी | पेड़ पर बैठे हैं। |

5. **निम्नलिखित वाक्यों के अर्थ के आधार पर भेद लिखिए–**

(क) विधानवाचक वाक्य, (ख) प्रश्नवाचक वाक्य, (ग) निषेधवाचक वाक्य, (घ) इच्छावाचक वाक्य, (ङ) विस्मयादिवाचक वाक्य

6. **दिए गए वाक्यों के आगे सत्य या असत्य लिखिए–**

(क) सत्य, (ख) असत्य, (ग) असत्य, (घ) सत्य, (ङ) असत्य

## पाठ-8. संज्ञा

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

(क) संज्ञा, (ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा, (ग) भाववाचक संज्ञा, (घ) जातिवाचक संज्ञा, (ङ) समूहवाचक संज्ञा

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) किसी प्राणी, वस्तु, स्थान और भाव के नाम को संज्ञा कहा जाता है। संज्ञा के पाँच भेद होते हैं।

(ख) जिस संज्ञा से नाप-तोल वाली वस्तु का बोध हो, उसे 'द्रव्यवाचक संज्ञा' कहते हैं। इस संज्ञा का सामान्यत: बहुवचन नहीं होता है।

(ग) जिस संज्ञा से वस्तु अथवा व्यक्ति के समूह का बोध हो, उसे 'समूहवाचक संज्ञा' कहते हैं।

(घ) जिन संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं अथवा प्राणियों की पूरी जाति का बोध हो, उन्हें 'जातिवाचक संज्ञा' कहते हैं।

**3. रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) भाववाचक, (ख) समूह, (ग) व्यक्तिवाचक, (घ) द्रव्यवाचक

**4. दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए–**

(क) अच्छाई, (छ) चालाकी, (ख) मिठास, (ज) कायरता, (ग) आलस, (झ) उदारता, (घ) निपुणता, (ञ) वीरता, (ङ) अपनापन, (ट) परायापन, (च) ममता, (ठ) बुराई

**5. भाववाचक संज्ञाएँ छाँटकर लिखिए–**

(क) गलती, (ख) आनंद, मस्ती, (ग) हारता, (घ) बुढ़ापा, (ङ) मुसकराहट, थकान, (च) कड़वाहट

**6. दिए गए वाक्यों में से संज्ञा शब्दों को छाँटकर लिखिए और उसके सामने संज्ञा का भेद भी लिखिए–**

| | **संज्ञा** | **संज्ञा का भेद** |
|---|---|---|
| (क) | ताजमहल | व्यक्तिवाचक संज्ञा |
| (ख) | हिमालय | व्यक्तिवाचक संज्ञा |
| (ग) | चोरी | भाववाचक संज्ञा |
| (घ) | सोना | द्रव्यवाचक संज्ञा |
| (ङ) | घास | जातिवाचक संज्ञा |

**7. दी गई पंक्तियों को पढ़कर संज्ञा शब्दों को रेखांकित कीजिए–**

पुराने समय की बात है– सुंदर **पहाड़ियों** के बीच एक **तालाब** था। **तालाब** में रंग-बिरंगे **कमल** के **फूल** खिले रहते थे और उन **फूलों** पर **भौंरे** मँडराते रहते थे। **तालाब** में एक **कछुआ** रहता था। उसी **तालाब** के किनारे एक **पेड़** पर **हंसों** का जोड़ा रहता था। **हंस तालाब** में तैरते और **कमल-नाल** तोड़कर उनका **रस** पीते थे।

हर रोज सुबह **कछुआ तालाब** से बाहर आकर **हंसों** की तरफ देखता और मन ही मन उन्हें पुकारता था। **कछुए** को देखकर दोनों **हंस** पेड़ से उतरकर **कछुए** के पास आ जाते थे और घंटों तक तीनों मिलकर प्यार से आपस में बातें करते रहते थे। इस प्रकार तीनों में गहरी **मित्रता** थी।

## पाठ 9. लिंग

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) शब्द का वह रूप जिससे पुरुष या स्त्री जाति का पता चलता है, उसे लिंग कहा जाता है।

(ख) वे शब्द जो किसी प्राणी, वस्तु या भाव के पुरुष होने का बोध कराते हैं, उन्हें पुल्लिंग कहते हैं। जैसे– घोड़ा, बैल, राजा, लड़का, शेर आदि।

वे शब्द जो किसी प्राणी, वस्तु या भाव के स्त्री होने का बोध कराते हैं, उन्हें स्त्रीलिंग कहते हैं। जैसे– चाँदनी, बकरी, लड़की, कोयल, गाय, शेरनी, मेज आदि।

**2. रंगीन शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए–**

(क) मछुआरिन नदी के किनारे बैठी थी।

(ख) पंडित पूजा कर रहा था।

(ग) बंदरिया पेड़ पर बैठी है।

(घ) दर्जिन ने कपड़े सिल दिए।

(ङ) बुढ़े ने सड़क पार कर ली।

(च) कवि ने अच्छी कविता सुनाई।

**3. रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) लड़का, (ख) मोरनी, (ग) कुत्ता, (घ) मालिन, (ङ) धोबी

**4. दिए गए शब्दों के पुल्लिंग लिखिए–**

(क) नाना, (ख) बकरा, (ग) चूहा, (घ) नर, (ङ) गुणवान, (च) माली

**5. दिए गए शब्दों के स्त्रीलिंग लिखिए–**

(क) शेरनी, (ख) चाची, (ग) सेविका, (घ) मालिन, (ङ) भतीजी, (च) वधू

## पाठ-10. वचन

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) शब्द का वह रूप जिससे उसकी संख्या का पता चलता है, 'वचन' कहलाता है।

(ख) वचन के दो भेद होते हैं– एकवचन और बहुवचन।

(ग) शब्द के जिस रूप से एक व्यक्ति, वस्तु अथवा पदार्थ का बोध होता हो, उसे एकवचन कहते हैं।

शब्द के जिस रूप से एक से अधिक व्यक्तियों, वस्तुओं अथवा पदार्थों का बोध हो, उसे बहुवचन कहते हैं।

**2. रिक्त -स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) बच्चे, (ख) पुस्तकें, (ग) तोता, (घ) झीलें, (ङ) लड़कियाँ, (च) चिड़ियाँ

**3. दिए गए शब्दों के बहुवचन बनाइए–**

(क) चिड़ियाँ, (ख) स्त्रियाँ, (ग) झीलें, (घ) मालाएँ, (ङ) वार्ताएँ, (च) कामनाएँ, (छ) कविताएँ, (ज) कॉपियाँ

**4. रंगीन शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखिए–**

(क) कुत्ते भौंक रहे हैं।
(ख) बालिकाएँ दौड़ती हैं।
(ग) उसने पुस्तकें फाड़ दीं।
(घ) तोता उड़ गया।
(ङ) घोड़े मर गए।
(च) अलमारी में पुस्तक रखी हैं।

**5. निम्न शब्दों के सही बहुवचन रूप पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

चुहियाँ, मशीनें, युवावर्ग, वधुएँ, छवियाँ, तिथियाँ, पत्ते, डिबियाँ

**6. सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

(क) वचन, (ख) बहुवचन, (ग) अमीर लोग

## पाठ-11. कारक

**1. सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का निशान लगाइए– (MCQs)**

(क) कर्म कारक, (ख) से, के द्वारा, (ग) अपादान कारक, (घ) कर्म कारक, (ङ) करण कारक, (च) संबंध कारक

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका संबंध क्रिया के साथ जाना जाता है, उसे कारक कहते हैं।

(ख) जिससे एक शब्द का दूसरे शब्द से संबंध का पता चले, उसे संबंध कारक कहते हैं। इसके विभक्ति चिह्न 'का, के, की, रा, रे, री' हैं।

जिस शब्द से किसी को पुकारने-बुलाने, सावधान करने आदि का भाव प्रकट होता है, उसे संबोधन कारक कहते हैं। इसके विभक्ति चिह्न 'हे', 'अरे' हैं।

(ग) कारक चिह्नों को विभक्ति चिह्न कहते हैं।

**3. रेखांकित शब्दों के कारक उनके सामने दी गई रेखा पर लिखिए–**

(क) कर्ता कारक, (ख) करण कारक, (ग) कर्म कारक, (घ) संबंध कारक, (ङ) संबोधन कारक

**4. रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) कर्ता, (ख) कर्म कारक, (ग) अपदान, (घ) आधार, (ङ) संबोधन

**5. विभक्ति संबंधी अशुद्धियाँ दूर करके वाक्य पुनः लिखिए–**

(क) उसका नाम अभिषेक है।
(ख) वह पत्तों को तोड़ रहा था।
(ग) बंदर पेड़ पर बैठा था।
(घ) हिमाचल का प्राकृतिक सौंदर्य अद्वितीय है।

**6. सही कथन के आगे सत्य और गलत के आगे असत्य लिखिए–**

(क) सत्य, (ख) असत्य, (ग) सत्य, (घ) असत्य, (ङ) सत्य

## पाठ–12. सर्वनाम

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का निशान लगाइए– (MCQs)**

   (क) सर्वनाम, (ख) कोई, (ग) उत्तम पुरुष, (घ) निजवाचक, (ङ) संबंधवाचक

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

   (क) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।

   (ख) सर्वनाम के छह भेद होते हैं– पुरुषवाचक, निश्चयवाचक, अनिश्चयवाचक, संबंधबोधक, प्रश्नवाचक और निजवाचक।

   (ग) जिस सर्वनाम शब्द से किसी निश्चित वस्तु या व्यक्ति का बोध नहीं होता है, उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।

   जिस सर्वनाम शब्द से दूर या पास की वस्तुओं या व्यक्तियों का निश्चयपूर्वक बोध होता है, उसे निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।

3. **सही सर्वनाम शब्द लिखकर वाक्य पुनः लिखिए–**

   (क) उसने पतंग उड़ाई। (ख) तुम अपना समय नष्ट न करो।

   (ग) मैं घर जा रहा हूँ। (घ) यह पुस्तक किसकी है?

   (ङ) मेरे लिए चाय लाओ।

4. **रिक्त स्थानों में उपयुक्त सर्वनाम शब्द भरकर वाक्यों को पूरा कीजिए–**

   (क) उससे मेरी पुस्तक खो गई।

   (ख) किसका पत्र आया है?

   (ग) ऐसे लक्षण तो महात्माओं के ही होते हैं।

   (घ) महात्मा जी ने मुझको आशीर्वाद दिया है।

   (ङ) कोई दरवाज़ा खटखटा रहा है।

5. **दिए गए वाक्यों में मोटे छपे सर्वनाम शब्दों के भेद बताइए–**

   (क) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम, (ख) अनिश्चियवाचक सर्वनाम, (ग) निजवाचक सर्वनाम, (घ) संबंधवाचक सर्वनाम, (ङ) प्रश्नवाचक सर्वनाम, (च) निजवाचक सर्वनाम

## पाठ–13. विशेषण

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

   (क) विशेषण, (ख)चार, (ग) बिल्ली, (घ) कच्चे

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

   (क) जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बतलाते हैं, उन्हें 'विशेषण' कहा जाता है।

   (ख) विशेषण के चार भेद होते हैं– गुणवाचक विशेषण, संख्यावाचक विशेषण, परिमाणवाचक विशेषण, संकेतवाचक विशेषण।

(ग) संख्यावाचक विशेषण शब्द किसी वस्तु की संख्या का बोध कराते हैं, जबकि परिमाणवाचक विशेषण संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की मात्रा या परिमाण का बोध कराते हैं।

(घ) जो शब्द किसी वस्तु या व्यक्ति के रंग, रूप, गुण, दशा, स्वभाव आदि का बोध कराते हैं, उन्हें गुणवाचक विशेषण कहते हैं। इसकी तीन अवस्थाएँ होती हैं– 1. मूलावस्था, 2. उत्तरावस्था, 3. उत्तमावस्था

3. **रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) चार, (ख) विशेषण, (ग) संख्यावाचक, (घ) अनिश्चियवाचक

4. **निम्न वाक्यों में आए विशेषण शब्द और उनके भेद लिखिए–**

(क) कुछ – अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण

(ख) चचेरा – गुणवाचक विशेषण

(ग) दो लीटर– निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

(घ) खूब– अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण

(ङ) तीन किलो– निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

(च) प्रसिद्‌ध– गुणवाचक विशेषण

5. **दिए गए वाक्यों में से विशेषण और विशेष्य शब्द अलग-अलग कीजिए–**

| | **विशेषण** | **विशेष्य** |
|---|---|---|
| (क) | हरे–भरे | खेत |
| (ख) | सफ़ेद | बर्फ़ |
| (ग) | एक, भयानक | चेहरा |
| (घ) | बहुत सुहावना | मौसम |
| (ङ) | ऐतिहासिक | इमारत |

6. **उचित विकल्प पर शुद्‌ध ( ✓ ) का चिह्‌न लगाइए–**

(क) संख्यावाचक विशेषण, (ख) परिमाणवाचक विशेषण, (ग) परिमाणवाचक विशेषण, (घ) संख्यावाचक विशेषण, (ङ) संख्यावाचक विशेषण

7. **निम्नलिखित वाक्यों को विशेषण की उचित अवस्था से मिलाइए–**

(क) मूलावस्था, (ख) उत्तरावस्था, (ग) उत्तमावस्था, (घ) उत्तमावस्था, (ङ) उत्तरावस्था, (च) मूलावस्था

8., **निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए–** (क) भूलना, (ख) भीतरी, (ग) मुझ–सा, (घ) पढ़ाकू, (ङ) निचला, (च) यहाँ वाला, (छ) सुखी, (ज) बनावटी

## पाठ–14. क्रिया

1. **सही विकल्प पर शुद्‌ध ( ✓ ) का चिह्‌न लगाइए– (MCQs)**

(क) क्रिया, (ख) विकारी, (ग) दो, (घ) संयुक्त क्रिया

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) जिन शब्दों से किसी कार्य के करने या होने का पता चले, उन्हें क्रिया कहते हैं। कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद होते हैं।

(ख) जिन क्रियाओं में कर्म होता है, उन्हें 'सकर्मक क्रिया' कहते हैं।

(ग) जिन क्रियाओं में कर्म नहीं होता, उन्हें 'अकर्मक क्रिया' कहते हैं।

(घ) सकर्मक और अकर्मक क्रियाओं की पहचान के लिए क्रिया के पूर्व 'क्या' अथवा 'किसको' शब्द लगाकर प्रश्न करने पर यदि कोई उत्तर आता है तो वह सकर्मक क्रिया होगी और यदि कोई उत्तर नहीं आता है तो वह अकर्मक क्रिया होगी।

**3. दिए गए वाक्यों में सही क्रिया-रूप भरिए–**

(क) मिला, (ख) सिले, (ग) उड़ाई, (घ) खरीदा, (ङ) चल, (च) गया

**4. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया के सही रूप के नीचे शुद्ध (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) सकर्मक, (ख) सकर्मक, (ग) सकर्मक, (घ) अकर्मक, (ङ) अकर्मक

**5. निम्नलिखित क्रियाओं की मूल धातु लिखिए–**

(क) लिख, (ख) पढ़, (ग)चल, (घ) हँस, (ङ) देखना, (च) जाग

## पाठ-15 काल

**1. सही विकल्प पर शुद्ध (✓) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

(क) काल, (ख) भविष्यत् काल, (ग) भूतकाल, (घ) भविष्यत् काल

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

(क) क्रिया के होने या करने का समय काल कहलाता है।

(ख) क्रिया के जिस रूप से यह पता चले की कार्य बीते हुए समय में हो चुका है, उसे भूतकाल कहते हैं। भूतकाल के छह भेद होते हैं–

(i) सामान्य भूतकाल, (ii) आसन्न भूतकाल, (iii) पूर्ण भूतकाल, (iv) अपूर्ण भूतकाल, (v) संदिग्ध भूतकाल, (vi) हेतुहेतुमद भूतकाल

(ग) वर्तमान काल के तीन भेद हैं– (i) सामान्य वर्तमान काल, (ii) अपूर्ण वर्तमान काल, (iii) संदिग्ध वर्तमान काल

(घ) भविष्यत् काल के भी तीन भेद हैं–

(i) सामान्य भविष्यत् काल, (ii) संभाव्य भविष्यत् काल, (iii) हेतुहेतुमद भविष्यत् काल

**3. निम्नलिखित क्रियाओं के रूप तीनों कालों में लिखिए –**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | लिखना | – | लिखता | लिखा | लिखेगा |
| (ख) | जाना | – | जाता | गया | जाएगा |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (ग) | दौड़ना | – | दौड़ता | दौड़ा | दौड़ेगा |
| (घ) | खेलना | – | खेलता | खेला | खेलेगा |

## पाठ–16 अविकारी शब्द

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**
   (क) जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम शब्दों के साथ आकर उनका संबंध वाक्य के दूसरे शब्दों के साथ बतलाते हैं, उन्हें संबंधबोधक अव्यय कहते हैं।
   (ख) अविकारी शब्द वे शब्द होते हैं जिनमें वाक्य में प्रयोग होने पर लिंग, वचन, पुरुष, काल, वाच्य आदि के प्रभाव से कोई परिवर्तन नहीं होता है।
   (ग) क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द क्रिया-विशेषण कहलाते हैं।
2. **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–** (क) अव्यय, (ख) क्रिया, (ग) स्थानवाचक क्रिया-विशेषण, (घ) चार, (ङ) समुच्चयबोधक
3. **निम्नलिखित वाक्यों में से अव्यय छाँटकर दी हुई रेखा पर लिखिए–**
   (क) के ऊपर, (ख) विरुद्ध, (ग) के बाहर, (घ) और, (ङ) हाय रे!
4. **दिए गए वाक्यों में समुच्चयबोधक अव्ययों को रेखांकित कीजिए–**
   (क) या, (ख) और, (ग) किंतु, (घ) कि, (ङ) ताकि
5. **निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया-विशेषण शब्दों को छाँटकर लिखिए–**
   (क) मधुर, (ख) तेज़, (ग) लगातार, (घ) कल
6. **रेखांकित शब्दों में क्रिया-विशेषण का कौन-सा भेद है? लिखिए–**
   (क) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण, (ख) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण, (ग) कालवाचक क्रिया-विशेषण, (घ) स्थानवाचक क्रिया-विशेषण
7. **निम्नलिखित विस्मयादिबोधक शब्दों के आधार पर वाक्य बनाइए–**
   (क) अरे! राहुल तुम यहाँ क्या कर रहे हो?
   (ख) वाह! वाह! क्या बात है तुम्हारी। तुमने तो सबको चकित कर दिया।
   (ग) अच्छा! जब पेड़ गिरा, तुम वहाँ पर थे।
   (घ) उफ़! आज कितनी गरमी है।

## पाठ–17 विराम चिह्न

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**
   (क) विराम-चिह्न, (ख) योजक चिह्न, (ग) प्रश्नसूचक चिह्न, (घ) लाघव चिह्न
2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**
   (क) विराम को लिखित भाषा में कुछ चिह्नों द्वारा स्पष्ट किया जाता है। इन चिह्नों को ही **'विराम-चिह्न'** कहा जाता है।
   (ख) जिस वाक्य में अल्प-विराम की अपेक्षा कुछ अधिक रुकना पड़ता है, वहाँ पर अर्धविराम चिह्न का प्रयोग किया जाता है।

3. **निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थानों पर विराम चिह्न लगाइए–**

(क) हे प्रभु! मेरी सहायता करो।

(ख) क्या तुम आज राँची चले जाओगे?

(ग) वाह! क्या बात है?

(घ) तुम्हारे विद्यालय का क्या नाम है?

(ङ) 'गोदान' मुंशी प्रेमचंद की अमर रचना है।

(च) वीर सैनिको! आज हमारी परीक्षा की घड़ी है।

4. **इन विराम चिह्नों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाएँ–**

( ,) – राजू, निधि, मयंक और कविता बाहर खेल रहे हैं।

( ।) – बाघ हमारे देश का राष्ट्रीय पशु है।

( ?) – क्या आप हमारे साथ चलेंगे?

## पाठ-18 मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

(क) शर्म करना, (ख) दोनों ओर मुसीबत, (ग) मजाक उड़ाना, (घ) गुण के विरुद्ध नाम होना, (ङ) जीरा

2. **निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए–**

(क) मरने को तैयार रहना, (ख) दुखी को और दुखी करना, (ग) शर्म करना, (घ) कंजूस, (ङ) अपमान सहना

3. **उचित मुहावरे से खाली जगह भरिए–**

(क)गागर में सागर, (ख) मिट्टी का माधो, (ग) डंक मारता, (घ) चकमा देकर, (ङ) कलेजे पर साँप लोटने

4. **लोकोक्तियों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –**

(क) एकता में बल– आपके आने से मेरा काम बहुत आसान हो गया है और जल्दी-जल्दी होने लगा। इसे कहते हैं– एक अकेला दो ग्यारह।

(ख) निर्दोष का हानि उठाना– तुम्हें उन दोनों के झगड़े में नहीं फँसना चाहिए। कहीं गेहूँ के साथ घुन भी न पिस जाए।

(ग) मनचाही वस्तु मिलना– दिनभर भूखे भिखारी से श्याम ने खाने के लिए पूछा तो उसने कहा– अंधा क्या चाहे दो आँखें।

(घ) अनपढ़ों में थोड़ा पढ़ा-लिखा– राजू ने थोड़ी-बहुत अंग्रेज़ी सीख ली और अपने अनपढ़ ग्रामीणों के साथ अंग्रेज़ी बोलता है, वह तो अंधों में काना राजा की तरह है।

5. **दी गई लोकोक्तियों का सही अर्थ के साथ मिलान कीजिए–**

(क) जब सब में एक जैसे गुण हों

(ख) भाग्य की विचित्रता

(ग) बुरे काम में बदनामी अवश्य होती है

(घ) सुख के दिन हमेशा नहीं रहते

(ङ) अनभिज्ञ व्यक्ति आनंद नहीं ले सकता

(च) कोई बड़ा काम एक व्यक्ति से नहीं हो सकता

6. **निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर सही मुहावरों का प्रयोग करके वाक्य पुनः लिखिए–**

(क) आज सारा दिन काम करके मेरा अंग-अंग ढीला हो गया।

(ख) चुनाव जीत जाने के बाद नेता जनता को उँगली पर नचाते हैं।

(ग) नैतिक अपने माता-पिता के लिए अंधे की लकड़ी है।

(घ) रमेश तो ईद का चाँद हो गया है, पता नही कहाँ रहता है।

(ङ) अपने प्रिय नेता के आने पर जनता ने आँखें बिछा दीं।

## पाठ-19 शब्द-भंडार

### विलोम शब्द

1. **दिए गए वाक्यों में रंगीन शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य पूरा कीजिए–**

(क) अस्त, (ख) निराशा, (ग) कठिन, (घ) चढ़ाव, (ङ) रंक, (च) प्रकाश, (छ) छोटा

2. **दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

(क) निष्कर्म, (ख) स्थिर, (ग) समर्थन, (घ) निर्जीव, (ङ) पराजय, (च) मुक्ति, (छ) प्राचीन, (ज) प्राकृति, (झ) विरक्ति, (ञ) विराग

### पर्यायवाची शब्द

1. **दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

(क) जलाशय, सरोवर, (ख) जग, संसार, (ग) पताका, ध्वज, (घ) पट, वसन, (ङ) उजाला, ज्योति, (च) नीर, वायु, (छ) जंगल, अरण्य, (ज) श्री रमा, कमला

2. **रंगीन शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखकर वाक्य पुनः लिखिए–**

(क) बच्चे भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं।

(ख) चंद्रमा का अपना प्रकाश नहीं होता है।

(ग) महिला घर की लक्ष्मी होती है।

(घ) दोनों मित्र घूमते हुए जंगल से गुजरे।

(ङ) ईश्वर की माया का कोई अंत नहीं।

**अनेकार्थक शब्द**

1. **खाली जगह में सही शब्द भरिये, सामने उसका एक और अर्थ भी लिखिए–**

   (क) उत्तर (जवाब), (ख) हार (पराजय), (ग) आम (फल), (घ) पद (पंक्तियाँ), ङ) काल (मृत्यु), (च) घट (घड़ा)

2. **दिए गए शब्दों में अनुचित अर्थ वाले शब्दों पर गलत ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

   (क) चाल, (ख) घर, (ग) वंश, (घ) ऊपर, (ङ) क्षेत्र, (च) श्रेष्ठ

**अनेक शब्दों के लिए एक शब्द**

1. **दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए–**

   (क) सहपाठी, (ख) मांसाहारी, (ग) अदृश्य, (घ) अमर, (ङ) अपठनीय, (च) कुलीन

2. **दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर लिखिए–**

   (क) क्षम्य, (ख) विदेशी, (ग) दर्शनीय, (घ) दूरदर्शी, (ङ) सार्थक, (च) वैयाकरण

**श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द/अशुद्ध वर्तनी/अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करना**

1. **दिए गए शब्दों के श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | अचार – आम का अचार | (ख) | अवधि – समय, सीमा |
| | आचार – चाल-चलन | | अवधी – अवध की भाषा |
| (ग) | आदि – शुरू | (घ) | आकर – पहुँचकर |
| | आदी – अभ्यस्त | | आकार – शक्ल |
| (ङ) | और – दूसरा | (च) | आधी – आधा भाग |
| | ओर – तरफ | | आँधी – तेज हवा |

2. **सही शब्द भरकर वाक्य पूरे कीजिए–**

   (क) परिणाम, (ख) ओर, (ग) बैल, (घ) शाम, (ङ) दिया

3. **दिए गए शब्दों को सही करके लिखिए–**

   (क) क्षत्रिय, (ख) नमस्कार, (ग) व्यक्ति, (घ) आशीर्वाद, (ङ) संवाद, (च) धर्म

4. **दिए गए वाक्यों को सही करके लिखिए–**

   (क) हम सवेरे से यहाँ खड़े हैं।

   (ख) यहाँ सब सकुशल हैं।

   (ग) यह गाय का असली दूध है।

   (घ) गाजर काटकर खरगोश को खिलाओ।

   (ङ) प्रधानाचार्य ने अध्यापक को बुलाया।

   (च) गाड़ी इतनी तेज मत चलाओ।

## पाठ-28 अपठित गद्यांश

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**
   (क) स्वच्छता अभियान, (ख) राजघाट, (ग) भारत को स्वच्छ बनाना, (घ) आर्थिक समृद्धि से, (ङ) महात्मा गांधी का
2. **सही विकल्प के आगे शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**
   (क) खेलकूद और जीवन, (ख) शारीरिक श्रम से, (ग) अपने आप ही खेलना शुरू कर देना, (घ) बाल्यकाल में, (ङ) मानसिक
3. **सही विकल्प के आगे शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**
   (क) श्रीनगर, (ख) झेलम, (ग) केसर की, (घ) काँगड़ी, (ङ) हाउसबोट में
4. **सही विकल्प के आगे शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**
   (क) प्रसिद्ध विद्वान, (ख) प्र, (ग) ईश्वरचंद्र विद्यासागर से, (घ) अपना काम स्वयं करो, (ङ) विदुषी
5. **सही विकल्प के आगे शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**
   (क) मशीन, (ख) इंग्लैंड में, (ग) आत्मविश्वास, (घ) कंप्यूटर, ङ) चार्ल्स बैबेज को
6. **सही विकल्प के आगे शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**
   (क) मस्तिष्क का, (ख) आयु, (ग) मांसपोशियाँ, (घ) स्वस्थ, (ङ) दिमाग

## पाठ-29 अपठित काव्यांश

1. **सही विकल्प के आगे शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**
   (क) फूल की, (ख) देश-प्रेम, (ग) वनमाली, (घ) वीर सैनिक, (ङ) सुरबाला
2. **सही विकल्प के आगे शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**
   (क) राणा साँगा का, (ख) निराला, (ग) मुड़ जाता था, (घ) दुश्मन, (ङ) कोड़ा
3. **सही विकल्प के आगे शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**
   (क) आलोकित, (ख) अंधेरा, (ग) विश्व पथ, (घ) मंगलमय वर
4. **सही विकल्प के आगे शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**
   (क)देश हमारा प्यारा, (ख) हमारे देश का, (ग) सु, (घ) ताज़, (ङ) नाखुशी
5. **सही विकल्प के आगे शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**
   (क) शाम, (ख) एक बूँद, (ग) बैल को सिखाने की बात पर, (घ) बैल, (ङ) कर्मधारय समास
6. **सही विकल्प के आगे शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**
   (क) नदी-पहाड़ों से, (ख) छाँव, (ग) अटल रहने की, (घ) इयाँ, (ङ) अटल निर्णय

# व्याकरण भाग – 7

## पाठ-1. भाषा, बोली, लिपि और व्याकरण

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

   (क) बोली का, (ख) व्याकरण, (ग) लिपि द्वारा, (घ) साहित्य

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

   (क) ज्ञान के संचित कोश को **साहित्य** कहते हैं।

   (ख) भाषा का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। यदि भाषा न होती तो हम अपने दुख, तकलीफ, समस्याएँ दूसरों को नहीं बता पाते। आज जो चारों आरे की उन्नति हम देख रहे हैं, ऐसा कुछ भी नहीं होता। हम इतने विकसित नहीं होते।

   (ग) भाषा को शुद्ध रूप में बोलना, लिखना और पढ़ना व्याकरण सिखाता है।

   (घ) किसी भी भाषा को लिखने की विधि लिपि कहलाती है।

   (ङ) यातायात सिपाही संकेतों द्वारा यातायात को नियंत्रित करता है।

3. **सही कथन के आगे सत्य व गलत कथन के आगे असत्य लिखिए–**

   (क) सत्य, (ख) असत्य, (ग) सत्य, (घ) असत्य, (ङ) सत्य

4. **निम्नलिखित वाक्यों को व्याकरण के नियमों द्वारा शुद्ध करके लिखिए–**

   (क) अनीता पढ़ रही है।

   (ख) बच्चे को नहलाकर सुलाओ।

   (ग) माली ने फूल तोड़ लिए हैं।

   (घ) दादा जी अखबार पढ़ रहे हैं।

   (ङ) कुत्ता घर की रखवाली करता है।

5. **रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

   (क) भाष्, (ख) आदान–प्रदान, (ग) मौखिक, लिखित (घ) राजभाषा, (ङ) व्याकरण

## पाठ-2. वर्ण-विचार

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

   (क) श, ष, स, ह, (ख) श्र, (ग) मूर्धन्य, (घ) ह्रस्व स्वर

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

   (क) दो या दो से अधिक व्यंजनों का मेल संयुक्त व्यंजन कहलाता है।

   (ख) शब्दों के वर्णों को अलग करने की प्रक्रिया वर्ण–विच्छेद कहलाती है।

   (ग) ए, ऐ, कंठ, तालु और जीभ के स्पर्श से बोले जाते हैं इसलिए ये कंठ–तालव्य वर्ण कहलाते हैं।

**3. सही कथन के आगे सत्य व गलत कथन के आगे असत्य लिखिए–**

(क) असत्य, (ख) सत्य, (ग) सत्य, (घ) सत्य, (ङ) असत्य, (च) सत्य

**4. निम्न शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | समुद्र | – | स् + अ + म् + उ + द् + र् + अ |
| (ख) | अग्निहोत्रि | – | अ + ग् + इ + न् + अ + ह् + ओ + त् + र् + ई |
| (ग) | काव्यांश | – | क् + आ + व् + य् + आ + अं + श् + अ |
| (घ) | धनवान | – | ध् + अ + न् + अ + व् + आ + न् + अ |
| (ङ) | उच्चारण | – | उ + च् + च् + आ + र् + ण् + अ |

## पाठ-3. शब्द-विचार

**1. सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

(क) घर, (ख) सार्थक, (ग) विलोम, (घ) वृक्ष

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) शब्द जब कारक चिह्नों सहित वाक्यों में प्रयुक्त होते हैं तब वे पद कहलाते हैं।

(ख) संस्कृत भाषा के वे शब्द जो अपना रूप बदलकर हिंदी में प्रयुक्त हुए हैं, तद्भव शब्द कहलाते हैं।

(ग) वे शब्द जो एक से अधिक शब्दों के मेल से बनते हैं और जिनके खंडों का अर्थ होता है; यौगिक कहलाते हैं।

**3. दिए गए शब्दों के तीन-तीन उदाहरण दीजिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | रूढ़ | – | पानी, नदी, हाथी |
| (ख) | यौगिक | – | रसाईघर, धर्मशाला, पाठशाला |
| (ग) | योगरूढ़ | – | हिमालय, नीलकंठ, गजानन |

**4. दिए गए शब्दों के तत्सम व तद्भव रूप लिखिए–**

| | **तत्सम** | | **तद्भव** |
|---|---|---|---|
| (क) | अग्नि | – | आग |
| (ख) | हाथी | – | हस्ती |
| (ग) | कार्य | – | काम |
| (घ) | अँधेरा | – | अंधकार |
| (ङ) | निद्रा | – | नींद |
| (च) | आम | – | आम्र |

**5. सही कथन के आगे सत्य व गलत कथन के आगे असत्य लिखिए–**

(क) असत्य, (ख) सत्य, (ग) सत्य, (घ) असत्य, (ङ) सत्य, (च) असत्य, (छ) सत्य

6. **दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए–**
(क) मात्रा, (ख) दो, (ग) यौगिक, (घ) निरर्थक शब्द, (ङ) विकारी

7. **नीचे दिए गए शब्द जिन भाषाओं से लिए गए हैं, उसका नाम लिखिए–**
(क) अंग्रेजी भाषा, (ख) फारसी भाषा, (ग) अरबी भाषा, घ) तुर्की भाषा, (ङ) चीनी भाषा, (च) रूसी भाषा

## पाठ-4. शब्द निर्माण-संधि

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**
(क) संधि, (ख) मेल, (ग) संधि-विच्छेद, (घ) पाँच, (ङ) विसर्ग संधि

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**
(क) दो वर्णों का मेल संधि कहलाता है। इसके तीन भेद होते हैं– स्वर संधि, व्यंजन संधि और विसर्ग संधि।
(ख) व्यंजन वर्णों के साथ स्वर अथवा व्यंजन वर्णों के मेल से उत्पन्न विकार को व्यंजन संधि कहते हैं। जैसे– दिक् + गज – दिग्गज।
(ग) विसर्ग के साथ स्वर या व्यंजन के मेल से जो विकार उत्पन्न होता है, उसे विसर्ग संधि कहते हैं। जैसे– निः + कारण – निष्कारण।

3. **दिए गए शब्दों की संधि कीजिए–**
(क) परमेश्वर, (ख) सूर्योदय, (ग) हिमालय, (घ) रमेश, (ङ) योगेंद्र, (च) महोत्सव, (छ) वनौषधि, (ज) धर्मात्मा

4. **दिए गए शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए–**
(क) परम + अणु, (ख) धर्म + आत्मा, (ग) सद् + इच्छा, (घ) लघु + उत्तर, (ङ) विद्या + आलय, (च) कवि + ईश्वर, (छ) लोक + उक्ति, (ज) अति + अधिक, (झ) वन + औषधि, (ञ) नित्या + आनंद

5. **दिए गए शब्दों के सही संधि-विच्छेद पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**
(क) अनु + च्छेद, (ख) स + आकार, (ग) तथा + एव, (घ) सदा + एव, (ङ) सप्त+ ऋषि

6. **रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए–**
(क) संधि-विच्छेद, (ख) संधि, (ग) तीन, (घ) व्यंजन संधि, (ङ) विसर्ग संधि

## पाठ-5. समास

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**
(क) देशभक्ति, (ख) दिन-रात, (ग) घनश्याम, (घ) देश के लिए भक्ति, (ङ) समास-विग्रह

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**
(क) शब्द समूहों को संक्षिप्त करने की प्रक्रिया समास कहलाती है।

(ख) जिस समास के समस्त पद का पहला पद 'विशेषण' तथा दूसरा पद 'विशेष्य' हो अथवा पहला पद 'उपमान' और दूसरा पद 'उपमेय' हो, उसे 'कर्मधारय समास' कहा जाता है।

(ग) जिस समास में समस्त पद का पहला पद संख्यावाचक हो और जो समस्त पद के समूह को प्रकट करे, वह 'द्विगु समास' कहलाता है।

(घ) संधि– संधि दो वर्णों का पारस्परिक मेल होता है जिसके परिणामस्वरूप वर्णों में ही परिवर्तन होता है।

समास– इसमें दो पदों का मेल होता है। वर्णों में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

**3. निम्न समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए–**

| | | | समास विग्रह | समास का नाम |
|---|---|---|---|---|
| (क) | प्रतिदिन | – | दिन–दिन | अव्ययीभाव समास |
| (ख) | विद्याहीन | – | विद्या से हीन | तत्पुरुष समास |
| (ग) | चक्रधर | – | चक्र को धारण करने वाला (श्रीकृष्ण) | बहुव्रीहि समास |
| (घ) | चौमासा | – | चार मासों का समूह | द्विगु समास |
| (ङ) | पंचतंत्र | – | पाँच तंत्रों का समूह | द्विगु समास |
| (च) | पंचवटी | – | पाँच वटों का समूह | द्विगु समास |
| (छ) | महात्मा | – | महान है जो आत्मा | कर्मधारय समास |
| (ज) | लंबोदर | – | लंबा है उदर जिसका (गणेश) | बहुव्रीहि समास |

**4. दिए गए समास–विग्रह के समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखिए–**

| | | | समस्तपद | समास का नाम |
|---|---|---|---|---|
| (क) | बिना दाग के | – | बेदाग | अव्ययीभाव समास |
| (ख) | महान है जो देव | – | महादेव | बहुव्रीहि समास |
| (ग) | यश को प्राप्त | – | यशप्राप्त | तत्पुरुष समास |
| (घ) | श्वेत हैं वस्त्र जिसके | – | श्वेतांबर | बहुव्रीहि समास |
| (ङ) | पाँच तंत्रों का समूह | – | पंचतंत्र | द्विगु समास |

**5. रेखांकित शब्दों का समस्तपद बनाकर वाक्य दोबारा लिखिए–**

(क) नीलकमल तालाब में खिला है।

(ख) हमारा झंडा तिरंगा है।

(ग) श्रीराम कमलनयन कहलाते हैं।

(घ) तुम रात–दिन मोबाइल पर गेम खेलते रहते हो।

(ङ) मीरा पीतांबर की भक्त थी।

(च) पंचतंत्र की कहानियाँ बहुत प्रेरणादायक हैं।

## पाठ-6 उपसर्ग एवं प्रत्यय

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

   (क) शब्दांश, (ख) प्रत्यय, (ग) अव, (घ) गर, (ङ) तद्धित प्रत्यय

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

   (क) ऐसे शब्दांश जो मूल शब्द से पहले जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन या विशेषता लाते हैं, उपसर्ग कहलाते हैं।

   (ख) ऐसे शब्दांश जो शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन ला देते हैं, उन्हें प्रत्यय कहते हैं।

   (ग) क्रिया के अंत में लगकर संज्ञा या सर्वनाम शब्दों का निर्माण करने वाले शब्दांश कृत प्रत्यय कहलाते हैं।

3. **दिए गए शब्दों से मूल शब्द और उपसर्ग अलग-अलग लिखिए–**

| | शब्द | | उपसर्ग | मूल शब्द |
|---|---|---|---|---|
| (क) | अनहोनी | – | अन | होनी |
| (ख) | निवेदन | – | नि | वेदन |
| (ग) | खुशकिस्मत | – | खुश | किस्मत |
| (घ) | लाजवाब | – | ला | जवाब |
| (ङ) | अतिरिक्त | – | अति | रिक्त |
| (च) | अनुपस्थित | – | अनु | उपस्थित |

4. **दिए गए शब्दों से मूल शब्द और प्रत्यय अलग-अलग लिखिए–**

| | शब्द | | मूल शब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|---|---|
| (क) | महानता | – | महान | ता |
| (ख) | थकावट | – | थक | आवट |
| (ग) | टिकाऊ | – | टिक | आऊ |
| (घ) | लड़कपन | – | लड़का | पन |
| (ङ) | साप्ताहिक | – | सप्ताह | इक |
| (च) | पुनर्विवाह | – | पुनः | विवाह |

5. **दिए गए शब्दों से उपसर्ग , मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिए–**

| | शब्द | | उपसर्ग | मूल शब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | अनेकता | – | अन | एक | ता |
| (ख) | बदनामी | – | बद | नाम | ई |
| (ग) | अनैच्छिक | – | अन | इच्छा | इक |
| (घ) | संन्यासी | – | सम् | न्यास | ई |
| (ङ) | अविश्वासी | – | अ | विश्वास | ई |

6. **सोच-समझकर दिए गए रिक्त स्थानों में उपसर्ग भरिए–**

प्रत्यय + अक्ष – प्रत्यक्ष, सत् + जन – सज्जन, पुनः + जागरण – पुनर्जागरण, सम् + कल्प – संकल्प, निर् + गुण – निर्गुण, अंतः + मन – अंतर्मन,

## पाठ-7. वाक्य

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

(क) निषेधवाचक, (ख) संयुक्त वाक्य, (ग) आज्ञावाचक, (घ) संदेहवाचक, (ङ) उद्देश्य

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) वाक्य में जिसके विषय में कुछ कहा जाए, उसे उद्देश्य कहा जाता है। उद्देश्य के विषय में जो कुछ कहा जाए, उसे विधेय कहा जाता है।

(ख) अर्थ के आधार पर वाक्य आठ प्रकार के होते हैं। 1. विधानवाचक, 2. प्रश्नवाचक, 3. निषेधवाचक, 4. संकेतवाचक, 5. आज्ञावाचक, 6. संदेहवाचक, 7. इच्छावाचक, 8. विस्मयादिवाचक

(ग) रचना के आधार पर वाक्य तीन प्रकार के होते हैं। 1. सरल वाक्य, 2. संयुक्त वाक्य, 3. मिश्रित वाक्य।

3. **निम्नलिखित वाक्यों में उद्देश्य और विधेय अलग-अलग करके लिखिए–**

| | **उद्देश्य** | **विधेय** |
|---|---|---|
| (क) | झूठ बोलनेवाला लड़का | आज स्कूल नहीं आया। |
| (ख) | हाथी | ने दर्जी के सारे कपड़े गंदे कर दिए। |
| (ग) | रजत | साइकिल चला रहा है। |
| (घ) | सभी लोग | आज मेले में जा रहे हैं। |
| (ङ) | किसान | फसल काट रहे हैं। |

4. **निम्नलिखित वाक्यों को पहचानकर रचना के आधार पर उनके भेदों के नाम लिखिए–**

(क) सरल वाक्य, (ख) संयुक्त वाक्य, (ग) मिश्रित वाक्य, (घ) संयुक्त वाक्य, (ङ) सरल वाक्य, (च) मिश्रित वाक्य

5. **निम्नलिखित वाक्यों को पहचानकर अर्थ के आधार पर उनके भेदों के नाम लिखिए–**

(क) विधानवाचक, (ख) निषेधवाचक, (ग) संकेतवाचक, (घ) आज्ञावाचक, (ङ) इच्छावाचक, (च) विस्मयादिबोधक, (छ) संदेहवाचक

**सोचिए तो जरा**

1. संयुक्त वाक्य में दो सरल वाक्यों को समुच्चयबोधक अव्ययों द्वारा जोड़ा जाता है।

3. **निम्नलिखित वाक्यों को दिए गए निर्देशों के अनुसार बदलिए–**

(क) नितिन कुर्सी पर बैठाकर खाना खाने लगा।

(ख) जैसे ही भूकंप आया सब लोग बाहर भाग गए।

(ग) बच्चे स्कूल से आए और खेलने लग गए।

(घ) पिता ने बताया कि दीवाली पर हम नए कपड़े सिलवाएँगे।

(ङ) माँ के जाते ही बालक रोने लगा।

4. **अर्थ के आधार पर निम्न वाक्यों को दिए गए निर्देशों के अनुसार बदलिए–**

(क) मैं विद्यालय नहीं जाऊँगा।

(ख) क्या तुम हररोज की तरह आज भी कोई बहाना बनाओगे?

(ग) ईश्वर करे, तुम्हारी मनोकामना पूरी हो।

(घ) तुम हररोज स्कूल जाते हो।

## पाठ–8. संज्ञा

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

(क) संज्ञा, (ख) पाँच, (ग) भाववाचक, (घ) सुंदरता, (ङ) हँसी

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) किसी प्राणी, वस्तु, स्थान, गुण अथवा भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

(ख) संज्ञा के पाँच भेद होते हैं। 1. व्यक्तिवाचक संज्ञा, 2. जातिवाचक संज्ञा, 3. भाववाचक संज्ञा, 4. समूहवाचक संज्ञा, 5. द्रव्यवाचक संज्ञा।

(ग) जो शब्द किसी व्यक्ति, स्थान या वस्तु विशेष का ज्ञान करवाते हैं, उन्हें 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' कहते हैं।

(घ) जो शब्द किसी स्थान, व्यक्ति या किसी वस्तु की संपूर्ण जाति का बोध कराते हैं, उन्हें 'जातिवाचक संज्ञा' कहते हैं।

3. **दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए–**

(क) वकालत, (ख) मानवता, (ग) शैशव, (घ) यौवन, (ङ) सर्वस्व, (च) निपुणता, (छ) स्वस्थता, (ज) सजावट, (झ)खोज, (ञ) जीत

4. **दिए गए वाक्यों में से संज्ञा शब्दों को छाँटकर लिखिए और उसके सामने संज्ञा का भेद भी लिखिए–**

(क) रामायण– व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुस्तक– जातिवाचक संज्ञा

(ख) गाय, पशु– जातिवाचक संज्ञा

(ग) बुढ़ापे– भाववाचक संज्ञा

(घ) सोना– द्रव्यवाचक संज्ञा

(ङ) परिवार– समूहवाचक संज्ञा, सदस्य– जातिवाचक संज्ञा

5. **सही कथन के आगे सत्य और गलत कथन के आगे असत्य लिखिए–**

(क) असत्य, (ख) असत्य, (ग) सत्य, (घ) असत्य, (ङ) सत्य

6. **खाली स्थान में निर्देशानुसार भाववाचक संज्ञा शब्द भरकर वाक्य पूरे कीजिए–**

(क) मिठास, (ख) दुर्बलता, (ग) गहराई, (घ) सावधानी, (ङ) चालाकी

7. **निम्नलिखित व्यक्तिवाचक संज्ञाओं में से सही संज्ञा शब्द चुनकर रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) दिल्ली, (ख) गंगा, यमुना, गोदावरी, (ग) शीला, (घ)सुरेश, रामायण, (ङ)गंगा, हरिद्वार

## पाठ-9. लिंग

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

(क) लिंग, वचन और कारक, (ख) स्त्रीलिंग, (ग) पंडिताइन, (घ) निदेशक

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) स्त्री व पुरुष जाति का ज्ञान कराने वाले शब्द को लिंग कहा जाता है।

(ख) शब्द के जिस रूप से पुरुष जाति का बोध होता है, उसे **'पुल्लिंग'** कहा जाता है। जैसे– मोर

(ग) शब्द के जिस रूप से स्त्री जाति का बोध हो, उसे **'स्त्रीलिंग'** कहा जाता है। जैसे– मोरनी

3. **रंगीन शब्दों के लिंग परिवर्तित करके रिक्त-स्थान भरिए–**

(क) बहन, (ख) सेठानी, (ग) बुद्धिमान, (घ) दादी जी, (ङ) मालिन

4. **दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए–**

(क) भानजी, (ख) सुनार, (ग) सेविका (घ) विधुर, (ङ) निदेशिका, (च) भगवान, (छ) पंडिताइन (ज) लुहार, (झ) साँपिन (ञ) बिलाव

## पाठ-10. वचन

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) वचन किसी शब्द के एक या अनेक होने का बोध कराता है।

(ख) संज्ञा के जिस रूप से उसके एक होने का बोध हो, उसे 'एकवचन' कहते हैं।

(ग) संज्ञा के जिस रूप से उसके एक से अधिक (अनेक) होने का बोध हो, उसे 'बहुवचन' कहते हैं।

2. **सही शब्द चुनकर रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) अभिनेत्रियाँ, (ख) आँसुओं, (ग) योद्धा, (घ) केला, (ङ) मछलियाँ

3. **दिए गए शब्दों के वचन बदलिए–**

(क) सस्ते, (ख) मक्खियाँ, (ग) कोयलें, (घ) अधिकारीवर्ग, (ङ) कन्याएँ, (च) विद्यार्थीगण, (छ) प्याले, (ज) पाठकगण, (झ) विधवाएँ, (ञ) भक्तजन

**4. रंगीन शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखिए–**

(क) तालाब में कमल खिले हैं।

(ख) दरवाज़े व खिड़कियाँ बंद कर दो।

(ग) पेड़ों की शाखाओं पर पक्षियों के घोंसले हैं।

(घ) चिड़ियाँ आकाश में दूर तक उड़कर वापस आ गईं।

(ङ) कवियों ने कविताएँ लिखकर पत्रिकाओं में छपवाईं।

**5. नीचे दिए गए वाक्यों में वचन की अशुद्धियाँ ठीक करके वाक्य पुनः लिखिए–**

(क) मुंशी प्रेमचंद ने अनेक कहानियों की रचना की।

(ख) रामायण की चौपाइयाँ सबको प्रिय लगती हैं।

(ग) हमें बहुत कविताएँ याद हैं।

(घ) मेरे मित्र गरीब हैं।

(ङ) वह सेना में भर्ती हो गया है।

**6. सही कथन के आगे सत्य और गलत कथन के आगे असत्य लिखिए–**

(क) असत्य, (ख) सत्य, (ग) असत्य, (घ) सत्य, (ङ) असत्य

**7. निम्न शब्दों के सही बहुवचन रूप पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कमरा | – | कमरे | रुपया | – | रुपये |
| जूता | – | जूते | बोतल | – | बोतलें |
| राह | – | राहें | बाला | – | बालाएँ |
| मशीन | – | मशीनें | कोयल | – | कोयलें |
| कविता | – | कविताएँ | नहर | – | नहरें |

## पाठ–11. कारक

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका संबंध क्रिया के साथ जाना जाता है, उसे कारक कहते हैं।

(ख) कारक के आठ भेद होते हैं– कर्ता कारक, कर्म कारक, करण कारक, संप्रदान कारक, अपादान कारक, संबंध कारक, अधिकरण कारक, संबोधन कारक।

(ग) संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से क्रिया के आधार आदि का बोध होता है, उसे 'अधिकरण कारक' कहा जाता है। इसका विभक्ति चिह्न 'में, पर' है।

(घ) करण कारक और अपादान कारक दोनों की विभक्ति चिह्न 'से' है, लेकिन दोनों में अंतर होता है।

**करण कारक–** करण कारक में क्रिया किसी साधन के द्वारा की जाती है।

**अपादान कारक–** अपादान कारक में किसी से अलग होने का बोध होता है।

2. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

(क) कर्ता कारक, (ख) अपादान कारक, (ग) संबोधन कारक, (घ) से, के द्वारा

3. **दिए गए वाक्यों में रंगीन पदों के कारक का भेद बताइए–**

(क) संबंध कारक, (ख) कर्म कारक, (ग) करण कारक, (घ) अपादान कारक, (ङ) अधिकरण कारक

4. **उचित कारक चिह्नों द्वारा रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) की, (ख) से, (ग) में, (घ) की, के लिए, (ङ)अरे!

5. **वाक्यों में आए कारक चिह्नों को रेखांकित करके उनके भेद लिखिए–**

(क) से – करण कारक

(ख) ने – कर्ता कारक, को – कर्म कारक

(ग) के लिए– संप्रदान कारक

(घ) पर– अधिकरण कारक

(ङ) अरे! – संबंध कारक

(च) ने – कर्ता कारक

## पाठ-12. सर्वनाम

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

(क) संबंधवाचक, (ख) मैं, (ग) निजवाचक, (घ) निजवाचक

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) संज्ञा के स्थान पर प्रयोग होने वाले शब्द 'सर्वनाम' कहलाते हैं।

(ख) सर्वनाम के छह भेद होते हैं– 1. पुरुषवाचक सर्वनाम, 2. निश्चयवाचक सर्वनाम, 3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम, 4. प्रश्नवाचक सर्वनाम, 5. संबंधवाचक सर्वनाम, 6. निजवाचक सर्वनाम,

(ग) जिस सर्वनाम शब्द का प्रयोग बोलने वाला अपने लिए, सुनने वाले या जिसके बारे में बातें कर रहा है, उसके लिए करता है, उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं। इसके तीन भेद होते हैं।

3. **दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को रेखांकित कीजिए तथा सर्वनाम के भेद का नाम लिखिए–**

(क) हमें– उत्तम पुरुषवाचक, अपना स्वयं– निजवाचक

(ख) मैं– उत्तम पुरुषवाचक

(ग) किसका– प्रश्नवाचक

(घ) मैं – उत्तम पुरुषवाचक, खुद– निजवाचक

(ङ) जिसने, उसे– संबंधवाचक

4. **सही सर्वनाम शब्द चुनकर रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) वह, (ख) अपने, आप, (ग) जैसा, वैसा, (घ) मैं, (ङ) हम

5. **निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्द गलत छप गए हैं, इनको ठीक करके लिखिए–**

(क) आपको किसके घर जाना है?

(ख) जिसने शीशा तोड़ा है उसको बुलाओ।

(ग) मैं अपने–आप बाज़ार चला जाऊँगा।

(घ) इससे बल्लेबाज़ी कराओ।

(ङ) हमें बहुत जल्दी है।

6. **निम्नलिखित वाक्यों में सही कथन के सामने सत्य और गलत कथन के सामने असत्य लिखिए–**

(क) असत्य, (ख) सत्य, (ग) सत्य, (घ) असत्य, (ङ) असत्य

## पाठ–13. विशेषण

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

(क) विशेषण, (ख) संख्यावाचक विशेषण, (ग) परिमाणवाचक, (घ) चलाऊ, (ङ) छायादार

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) विशेषण शब्द संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, जबकि जिन शब्दों की विशेषता बताई जाती हैं, उन्हें विशेष्य कहते हैं।

(ख) विशेषण के चार भेद होते हैं– गुणवाचक, संख्यावाचक, परिमाणवाचक और सार्वनामिक विशेषण।

(ग) विशेषण की तुलना की तीन अवस्थाएँ हैं– मूलावस्था, उत्तरावस्था, उत्तमावस्था।

3. **निम्न वाक्यों में आए विशेषण शब्द और भेद लिखिए –**

(क) यह – सार्वनामिक विशेषण

(ख) क्रोध– गुणवाचक विशेषण

(ग) तीन मीटर – परिमाणवाचक विशेषण

(घ) मीठा – गुणवाचक विशेषण

(ङ) तीनों – संख्यावाचक विशेषण

(च) थोड़ा–सा – परिमाणवाचक विशेषण

(छ) रेशमी – गुणवाचक विशेषण

4. **दिए गए वाक्यों से विशेषण और विशेष्य शब्द दी हुई जगह पर लिखिए–**

| | विशेषण | विशेष्य | | विशेषण | विशेष्य |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | गुलाबी | थैला | (ख) | गोल | डिब्बा |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (ग) | दस किलो | आम | (घ) | पिछला | भाग |
| (ङ) | दो | कबूतर | (च) | वीर | सैनिक |

5. **दिए गए वाक्यों में रिक्त-स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

   (क) रंग-बिरंगी, (ख) मीठा, (ग) प्रथम, (घ) पाँच, (ङ) कुछ, (च) हरी

## पाठ–14 क्रिया

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

   (क) संयुक्त क्रिया, (ख) एक कर्म, (ग) क्रिया, (घ) खेलकर, (ङ) उड़वाना

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

   (क) काम के करने या होने का बोध कराने वाले शब्द क्रिया कहलाते हैं।

   (ख) कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद होते हैं– अकर्मक क्रिया और सकर्मक क्रिया।

   (ग) जो क्रियाएँ संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, अनुकरणवादी शब्दों में 'ना' प्रत्यय जोड़कर बनती हैं, उन्हें 'नामधातु क्रिया' कहते हैं।

   (घ) जिन क्रियाओं में एक कर्म हो, उन्हें एककर्मक क्रिया कहते हैं। जिन क्रियाओं में दो कर्म हों, उन्हें द्विकर्मक क्रिया कहते हैं।

3. **दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्द रेखांकित करके उसका भेद लिखिए–**

   (क) लिखवाता – प्रेरणार्थक क्रिया, (ख) तोड़कर खाए– सुंयक्त क्रिया, (ग) मँगवाई– सामान्य क्रिया, (घ) पढ़वाया– प्रेरणार्थक क्रिया, (ङ) नहाकर– पूर्वकालिक क्रिया, (च) सो रहा है– सामान्य क्रिया

4. **निम्नलिखित वाक्यों में कोष्ठक में दी गई क्रियाओं के सही रूप रिक्त-स्थानों में भरिए–**

   (क) भेजी, (ख) बैठे, (ग) बढ़कर, (घ) समझाया, (ङ) बनाकर

5. **दिए गए वाक्यों में रंगीन शब्दों को देखकर यह बताइए कि यह कौन-सी क्रिया है, नाम लिखिए–**

   (क) सामान्य क्रिया, (ख) संयुक्त क्रिया, (ग) द्वितीय प्रेरणार्थक क्रिया, (घ) सामान्य क्रिया, (ङ) नामधातु क्रिया, (च) पूर्वकालिक क्रिया

6. **दिए गए वाक्यों में से पूर्वकालिक क्रियाएँ छाँटकर लिखिए–**

   (क) कार्टून, (ख) थककर, (ग) उठकर, (घ) गिरकर, (ङ) हँसकर

7. **नामधातु क्रिया लिखिए–** (क) शर्मना, (ख) ललचाना, (ग) हिन-हिनाना, (घ) बड़-बड़ाना, (ङ) टन-टनना, (च) सठियाना, (छ) तुतलाना, (ज) अपनाना

## पाठ–15. काल

1. **सही विकल्प पर शुद्ध ( ✓ ) का चिह्न लगाइए– (MCQs)**

   (क) वर्तमान काल, (ख) अपूर्ण वर्तमान काल, (ग) राम पढ़ रहा होगा, (घ) संभाव्य भविष्यत्, (ङ) संदिग्ध वर्तमान काल

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) क्रिया के होने या करने के समय को काल कहते हैं।

(ख) क्रिया के जिस रूप से कार्य का बीते हुए समय में पूर्ण होना पाया जाए, वहाँ 'भूतकाल' होता है। भूतकाल के छह भेद होते हैं– 1. सामान्य भूतकाल, 2. आसन्न भूतकाल, 3. पूर्ण भूतकाल, 4. अपूर्ण भूतकाल, 5. संदिग्ध भूतकाल, 6. हेतुहेतुमद भूतकाल।

(ग) क्रिया के जिस रूप से कार्य का वर्तमान समय में होना पाया जाए, उसे 'वर्तमान काल' कहते हैं। इसके तीन भेद होते हैं– 1. सामान्य वर्तमान काल, 2. अपूर्ण वर्तमान काल, 3. संदिग्ध वर्तमान काल

(घ) क्रिया के जिस रूप से कार्य का आने वाले समय में होना या करना पाया जाए, वहाँ 'भविष्यत् काल' होता है। इसके तीन भेद होते हैं। 1. सामान्य भविष्यत् काल, 2. संभाव्य भविष्यत् काल, 3. हेतुहेतुमद भविष्यत् काल

**3. दिए गए वाक्यों में काल को रेखांकित करके उसका भेद सामने लिखिए–**

(क) रो रहा है– वर्तमान काल, (ख) चहचहा रहे थे– भूतकाल, (ग) जाएगी– भविष्यत् काल, (घ) चला गया– भूतकाल, (ङ) करते तो पास हो जाते– भविष्यत् काल, (च) जाती, सूचना मिल जाती– भविष्यत् काल

**4. दिए गए वाक्यों को भूतकाल और भविष्यत् काल में बदलिए–**

| | **भूतकाल** | **भविष्यत् काल** |
|---|---|---|
| (क) | किसान खेत जोत रहा था। | किसान खेत जोतेगा। |
| (ख) | सीता सो रही थी। | सीता सोएगा। |
| (ग) | राधा विद्यालय जा रही थी। | राधा विद्यालय जाएगी। |
| (घ) | हिरण भाग गया। | हिरण भाग जाएगा। |
| (ङ) | नेहा पढ़ रही थी। | नेहा पढ़ेगी। |
| (च) | लकड़हारा पेड़ काट रहा था। | लड़कहारा पेड़ काटेगा। |

**5. निर्देशानुसार वाक्यों को परिवर्तित कीजिए–**

(क) दादाजी अखबार पढ़ेंगे।

(ख) नौकरानी कपड़े धो रही थी।

(ग) नितिन चिड़ियाघर देखने जा रहा है।

(घ) कोयल मधुर स्वर में गाएगी।

(ङ) मेरे घर के सामने पुस्तक की दुकान थी।

(च) उस गाँव में एक लकड़हारा रहता है।

## पाठ-16. वाच्य

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) क्रिया का विधान, जिससे यह पता चलता है कि क्रिया का मुख्य विषय कर्ता है, कर्म है या भाव है, वाच्य कहलाता है।

(ख) कर्तृवाच्य में कर्ता की प्रधानता होती है और क्रिया के लिंग, वचन और पुरुष कर्ता के अनुसार होते हैं।

(ग) कर्मवाच्य में कर्म की प्रधानता होती है और क्रिया के लिंग, वचन और पुरुष कर्म के अनुसार होते हैं।

(घ) भाववाच्य में भाव की प्रधानता होती है और क्रिया हमेशा पुल्लिंग, अन्य पुरुष, एकवचन में होती है।

2. **दिए गए वाक्यों को कर्मवाच्य में बदलिए–**

(क) कपड़े दर्जी द्वारा सिले गए।

(ख) जादूगर द्वारा जादू का खेल दिखाया गया।

(ग) हमारे द्वारा छायादार पेड़ लगाया गया।

